# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–03.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज रांची में रातू रोड एलिवेटेड कोरिडोर और गढ़वा बाइपास का करेंगे लोकार्पण, राज्य को देंगे छह हजार तीन सौ करोड़ की सड़क परियोजनाओं की सौगात।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट ने सहायक आचार्यों की नियुक्ति के लिए तय की समय सीमा, जेएसएससी को सितंबर के अंत तक बहाली प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश।**
3. **शराब घोटाला मामले में एक और गिरफ्तारी, एसीबी ने प्रिज्म होलोग्राफी के प्रबंध निदेशक विधु गुप्ता को पूछताछ के बाद किया गिरफ्तार।**
4. **लोहरदगा, लातेहार और चतरा समेत छह जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी, राज्य में लगातार हो रही बारिश से एसडीआरएफ की टीम सतर्क।**
5. **सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप आज से रांची में, देशभर की 28 टीम लेंगी भाग।**

**********************

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगे। वे रांची में रातू रोड एलिवेटेड कोरिडोर और गढवा बाईपास जनता को समर्पित करेंगे। श्री गडकरी के आगमन को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। केन्द्रीय मंत्री राज्य को छह हजार तीन सौ करोड़ की सड़क परियोजनाओं की सौगात देने वाले हैं। रांची में मुख्य समारोह ओटीसी ग्राउंड में होगा, जहां वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। केंद्रीय मंत्री के आगमन के मद्देनजर आज शहर की यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक शहर में मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं, शहरी क्षेत्र में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक वाहनों की आवाजाही और प्रवेश पर भी रोक लगाई गई है।

**********************

उधर, गढ़वा में भी केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी के आगमन को लेकर सभी तैयारिया पूरी कर ली गयी हैं। वे रांची–वाराणसी इकोनॉमी केरिडोर के तहत यहां बने एचएच–75 गढ़वा बाईपास सड़क सेक्सन फोर का उदघाटन करेंगे। इस मौके पर वे सदर प्रखंड के हूर मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

**********************

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर आज रांची और गढ़वा में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह की तिथि पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने लिखा है कि वे अपने पिता शिबू सोरेन की चिकित्सा देखभाल के लिए दिल्ली में हैं, जिसके कारण वे आज के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकेंगे।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को 26 हजार एक सहायक आचार्यों की नियुक्ति में समय सीमा का पालन करने का निर्देश दिया है। तीसरे पूरक हलफनामे में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने अदालत को बताया कि पूरी प्रक्रिया सितंबर के चौथे सप्ताह तक अलग अलग चार श्रेणियों में पूरी कर ली जायेगी।

**********************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने शराब घोटाला मामले में प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के प्रबंध निदेशक विधु गुप्ता को रांची से गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी ने विधु गुप्ता को पूछताछ के लिए तलब किया था। पूछताछ के बाद कल शाम उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। विधु गुप्ता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के रहने वाले हैं। यह शराब घोटाले में एसीबी की ओर से आठवीं गिरफ्तारी है।

**********************

गुमला में पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के कारोबार से जुड़े चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हरिस बिन जमा ने बताया कि गिरफ्तार युवकों के पास से करीब 40 पुरिया ब्राउन शुगर और साढ़े दस लाख रुपये नगद बरामद किये गये हैं।

**********************

धनबाद में 15वें वित्त आयोग की राशि निर्गत नहीं होने से जनप्रतिनिधि नाराज हैं और वे लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं।

**********************

**संक्षिप्त खबरें–**

- दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड स्थित सरसडंगाल एसबीआई के पूर्व शाखा प्रबंधक मनोज कुमार के खिलाफ वर्तमान शाखा प्रबंधक राम प्रवेश मोची ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। मनोज कुमार पर लोन के 20 लाख रुपये बैंक में जमा नहीं करने का आरोप है।
- जामताड़ा में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति–दिशा की बैठक सांसद नलिन सोरेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंत्री इरफान अंसारी, विधायक उदय शंकर सिंह सहित जिले के तमाम अधिकारी मौजूद थे।
- सरायकेला–खरसांवा जिले के राजनगर थाना क्षेत्र एक यात्री बस और हाईवा में सीधी टक्कर के कारण बस में सवार 20 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को चाईबासा सदर अस्पताल और राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।
- डालटनगंज–पडवा मोड़ मुख्य पथ पर सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो जख्मी हो गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**********************

राज्य में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग ने आज लोहरदगा, लातेहार, चतरा, रामगढ़, हजारीबाग और कोडरमा के 6 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इधर, राज्य में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी जिलों को गाईडलाइन भेजी है। आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त सचिव राकेश कुमार ने बताया कि बारिश के मद्देनजर राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल– एसडीआरएफ की टीम को सतर्क कर दिया गया है।

**********************

रांची में होने वाली 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप की तैयारी पूरी कर ली गयी है। मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आज राज्य के खेल मंत्री सुदीव्य कुमार इसका उदघाटन करेंगे। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर से 28 टीम हिस्सा ले रही हैं।

**********************

**अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आज झारखंड आने की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– बोकारो में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए सेल 746 एकड़ जमीन देने को तैयार।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– खनिज ब्लाक सर्वे में भूमि प्रकृति का भी जिक्र।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– सीसीएल के मृत कर्मचारियों के आश्रितों के नाम पर करोड़ों रुपये का पीएफ घोटाला।

**दैनिक जागरण** लिखता है– जेबीवीएनएल ने बिजली टैरिफ में और वृद्धि के लिए दायर की पुनर्विचार याचिका।

********समाप्त*********